कार्यालय प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जबलपुर (म.प्र.)

-: संशोधित आदेश :-

क्र.– ७ /एक–11–1/97/(S.W.)　　　　　　　जबलपुर दिनांक–.०8..मई 2023

सिविल एवं आपराधिक कार्य विभाजन पत्रक, जो **दिनांक 03 जनवरी 2023** को जारी किया गया है उसमें आंशिक संशोधन किया जाता है, जो तत्काल प्रभावशील होगा।

01. सरल क्र. 04 में दर्शित न्यायालय **जिला न्यायाधीश (तृतीय), जबलपुर** के कॉलम नं0 02 में दर्शित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी का नाम विलोपित किया जाकर उसके स्थान पर निम्नवत् प्रतिस्थापित किया जाता है –

    श्री अशोक गुप्ता, जिला न्यायाधीश तृतीय एवं अपर सत्र न्यायाधीश, जबलपुर

02. सरल क्र. 04 में दर्शित न्यायालय **जिला न्यायाधीश (तृतीय), जबलपुर** के कॉलम नं0 04 में दर्शित आपराधिक विषयक क्र. 01 के पश्चात निम्नवत् प्रतिस्थापित किया जाता है–

    02. मध्यप्रदेश राज्य के जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, मण्डला, डिण्डोरी, अनुपपुर, रीवा, शहडोल, उमरिया, सिंगरौली, सतना, कटनी, दमोह एवं सीधी जिलों के संसद तथा विधानसभा के निर्वाचित सदस्य एवं राजनीतिक व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज मामलों की सुनवाई से संबंधित प्रकरण।

    03. मध्यप्रदेश राज्य के जबलपुर, छतरपुर, नरसिंहपुर, दमोह, सिवनी, सतना, पन्ना, शहडोल, कटनी, अनूपपुर, मण्डला, सागर, छिंदवाड़ा, रीवा, सीधी, बालाघाट, डिण्डोरी, उमरिया एवं सिंगरौली जिले के व्यवसायिक परीक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षाओं से संबंधित अपराध (एस.टी.एफ. भोपाल एवं सी.बी.आई दिल्ली द्वारा अन्वेषित प्रकरणों) से उदभूत होने वाले विशेष प्रकरण तथा धारा 438, 439, द.प्र.स. के अंतर्गत प्रस्तुत जमानत आवेदन पत्र।

03. सरल क्र. 08 में दर्शित न्यायालय **जिला न्यायाधीश (अष्ठम), जबलपुर** के कॉलम नं0 02 में दर्शित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी का नाम विलोपित किया जाकर उसके स्थान पर निम्नवत् प्रतिस्थापित किया जाता है –

    श्रीमती अभिलाषा एन. मवार, जिला न्यायाधीश अष्टम एवं अपर सत्र न्यायाधीश, जबलपुर

04. सरल क्र. 21 में दर्शित न्यायालय **जिला न्यायाधीश (इक्कीसवा), जबलपुर** के कॉलम नं0 04 में दर्शित सिविल एवं आपराधिक विषयक विलोपित किया जाता है एवं उसके स्थान पर न्यायालय **रिक्त जोड़ा** जाता है।

प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जबलपुर

पृष्ठा. क्र1904/एक–11–1/97/(S.W.) जबलपुर दिनांक–08 मई 2023

01– रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर

02– प्रस्तुतकार, प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जबलपुर,

03– ....जबलपुर

04– फाईलिंग अनुभाग, जिला न्यायालय, जबलपुर

05– अध्यक्ष/सचिव जिला अधिवक्ता संघ, जबलपुर

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जबलपुर